संख्या- 179 /2022/ 2215 /चार-2022

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊः दिनांक 07 अक्टूबर, 2022

विषय- मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 को 'विविधता में एकता' विषयक कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 2094 /सं0नि0-15(12)/2019-20, दिनांक 06 अक्टूबर, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 को 'विविधता में एकता' विषयक कार्यक्रम के आयोजन हेतु रू0 5.00 लाख (रूपये पांच लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन प्रदान की जाती हैः-

(1) समस्त कार्यों का सत्यापन कराकर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(2) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।
(3) कार्यक्रम के फोटोग्राफ, पेपर कटिंग व उपयोगिता प्रमाण-पत्र आदि उपलब्ध कराया जायेगा ।

3. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक अनुदान सं0-92 के अधीन लेखाशीर्षक -2205-कला तथा संस्कृति- आयोजनेत्तर- 102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-16-नये क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना -42- अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

संख्या- 179 /2022/ 2215 (1) /चार-2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ/कोषाधिकारी, वाराणसी।
4- वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
5- प्रभारी, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, वाराणसी।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।